2018/00061

# फर्द अहकाम

(नियम 26)

## न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

| प्रार्थी/अपीलांट | बनाम | अप्रार्थी/रेस्पोडेन्ट |
|---|---|---|
| श्री माणक राम पुत्र सरूप राम जाति रावल निवासी सिरोहीरोड जिला सिरोही | | सरकार जरिये सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा |

किस्म मुकदमा- अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005 मुकदमा नं. 41 वर्ष 2018

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|
| 10.09.2018 | अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी को दिनॉक 13.06.2018 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि पटवार मंडल जनापुर के अजारी चौराहा स्थित आबादी भूमि खसरा नं. 1270 की सीमा ज्ञान बाबत दिये गये आदेश क्रमांक ए-60 दिनांक 18.10.2017 पर की गयी कार्यवाही से संबंधित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं ।<br>मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी को दिनॉक 13.06.2018 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि पटवार मंडल जनापुर के अजारी चौराहा स्थित आबादी भूमि खसरा नं. 1270 की सीमा ज्ञान की सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना संबंध में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर की गई कार्यवाही से संबंधित सूचना दिलाई जावें । अपीलांट को चाही गई समस्त सूचना उन्हे निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराई जानी चाहिए थी । लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा को आदेशित किया जाता हैं कि अपीलांट को चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो ।<br><br>(अनुपमा जोरवाल)<br>जिला कलक्टर, सिरोही | |

Scanned by CamScanner

2018/00062

# फर्द अहकाम

(नियम 26)

## न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी/अपीलांट — बनाम — अप्रार्थी/रेस्पोडेन्ट

श्री जयन्ति लाल पुत्र केसरीमल जी
जाति जैन निवासी रोहिडा
जिला सिरोही (हाल मुम्बई)

सरकार जरिये सहायक लोक सूचना अधिकारी
तहसीलदार पिण्डवाडा

किस्म मुकदमा- **अपील अन्तर्गत धारा** 19 **आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 42 वर्ष 2018

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|
| 10.09.2018 | अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया है कि उसके द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी को दिनॉक 19.7.2018 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि मौजा कोदरला के खसरा नं. 254मी. एवं 255 पर बिना संपरिवर्तन करवाये निर्माण के संबंध में तहसीलदार पिण्डवाडा के मुकदमा संख्या 251/1995 के निर्णय दिनांक 29.01.1995 मय ऑडर शिट एवं 30.08.1995 के मौका फर्द से संबंधित सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई है ।<br><br>मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी को दिनॉक 19.7.2018 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि मौजा कोदरला के खसरा नं. 254मी. एवं 255 पर बिना संपरिवर्तन करवाये निर्माण के संबंध में तहसीलदार पिण्डवाडा के मुकदमा संख्या 251/1995 के निर्णय दिनांक 29.01.1995 मय ऑडर शिट एवं 30.08.1995 के मौका फर्द की प्रमाणित प्रति से संबंधित सूचना सूचना दिलाई जावें । अपीलांट को चाही गई समस्त सूचना उन्हे निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराई जानी चाहिए थी । सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नही कराई गई है । अत: अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट को चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो ।<br><br>(अनुपमा जोरवाल)<br>जिला कलक्टर, सिरोही | |

Scanned by CamScanner